मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 98 ■ शुक्रवार, 28 जून 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**अब सितंबर में कंगना लेकर आएंगी 'इमरजेंसी'**

## कोंडेश्वर डैम में डूबने से युवक की मौत

■ कोपरखैरणे से घूमने आए थे कोंडेश्वर

▶▶ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** बदलापुर के कोंडेश्वर डैम में गुरुवार को नवी मुंबई निवासी एक युवक की पानी में डूबकर मौत हो गी. मृतक युवक का नाम अनूप मिश्रा (22) है. अनूप और उसके दोस्त नवी मुंबई के कोपरखैरणे से गुरुवार की सुबह बदलापुर के कोंडेश्वर डैम में नहाने के लिए एक्टिवा से आए थे. नहाते समय दो युवकों को पानी की गहराई का अंदाजा ना हो सका. वह दोनों डूबने लगे. एक तो किसी तरह बच गया, लेकिन दूसरा युवक अनूप पानी में डूब गया. स्थानीय निवासियों, दमकल विभाग ने उसके शव को पानी से बाहर निकाला. पता चला है कि ये चारों युवक इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं. ग्रामीण पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. गत कुछ दिनों से कोंडेश्वर डैम में नहाने के लिए लोगों का सैलाब आ गया है. हर वर्ष इस डैम में डूबकर कई लोगों की मौत हो जाती है. प्रशासन हर वर्ष किसी ना किसी के डूबकर मरने के बाद यहां नहाने पर पाबंदी लगा देता है. ये काम प्रशासन पहले से ही क्यों नहीं करता? ऐसा लोग पूछ रहे हैं.

**कार्रवाई** सीएम एकनाथ शिंदे के आदेश पर एक्शन मोड में मनपा प्रशासन

# डांस बारों पर चला बुलडोजर

## उल्हासनगर में अवैध डांस बारों एवं अतिक्रमण पर मनपा की कार्रवाई







■ श्रीराम चौक बना डांस बार का बाजार

■ 2 अनाधिकृत बार पर कार्रवाई

■ शहर डांस बार मुक्त होगा?



उल्हासनगर शहर में अवैध रूप से कई डांस बार धड़ल्ले से चल रहे हैं इतना ही नहीं यह डांस बार सुबह होने तक खुले ही रहते है। श्रीराम चौक जिसे डांस बार का बाजार कहा जाता है वहां बिना रोक-टोक नाबालिगों की मौजूदगी में डांस बार धड़ल्ले से चल रहा है. पुलिस प्रशासन यहां वर्षो से कार्रवाई नहीं करता। पुणे ड्रग मामले के बाद मुख्यमंत्री ने पूरे राज्य में अनाधिकृत बार और पब के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं. इस आदेश के बाद उल्हासनगर महानगरपालिका ने शहर के सभी बार के दस्तावेजों और परमिटों का सत्यापन किया और श्रीराम चौक में दो डांस बार ऐप्पल और एंजेल पर कार्रवाई शुरू की, जो अनधिकृत पाए गए थे। उल्हासनगर महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त किशोर गावस और सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी के नेतृत्व में एक टीम ने यह कार्रवाई शुरू की है। सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी ने जानकारी दी है कि शहर के अन्य बार के दस्तावेज भी मंगवाए गए हैं और जो बार अनाधिकृत पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई से उल्हासनगर में अनाधिकृत डांस बार और पब संचालकों के ढाबों में भारी खलबली मच गई है.

## गैरकानूनी धंधों पर कसी जाएगी नकेल -आयुक्त इंदुराणी जाखड़

■ बिड़ला कॉलेज परिसर में अवैध धंधों एवं अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

■ मनपा और पुलिस की संयुक्त बैठक



**कल्याण.** विधानसभा की मानसून सत्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा अवैध धंधों पर नकेल कसने का आदेश दिए जाने के बाद केडीएमसी प्रशासन हरकत में आई, और अवैध धंधों पर नकेल कसना शुरू दिया। गुरुवार को महापालिका ने कल्याण पश्चिम के बिड़ला कॉलेज परिसर में अवैध धंधों एवं अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया। इस विषय में केडीएमसी की आयुक्त डॉ.इंदुराणी जाखड़ ने बताया कि अवैध बार, पब, हुक्का पार्लर जहां नाबालिग युवक-युवतियों को नशा दिया जाता है या अन्य गैरकानूनी गतिविधियां होती है उनपर कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए हैं। उसी के तहत मनपा ब प्रभाग क्षेत्र में अवैध धंधे व अतिक्रमण पर पालिका ने बुलडोजर चलाया। बतादें कि कल्याण पश्चिम में आधारवाड़ी जेल के पास ढाबे की आड़ में हुक्का पार्लर चलाया जा रहा था, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद यह सामने आया कि यह पार्लर रात भर चलाया जाता है और इसमें नाबालिग युवक-युवतियां आकर नशे का सेवन करते हैं।

केडीएमसी कमिश्नर इंदुराणी जाखड़ ने कल्याण के डीसीपी सचिन गुंजाल, एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की, और उसमें अवैध धंधों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस से महापालिका क्षेत्र में अवैध बार, हुक्का पार्लर, ढाबे, टपरियों पर तुरंत कार्रवाई करने का आदेश दिया।

### ■ कल्याण में अवैध ढाबों की भरमार-

कल्याण के बिड़ला कॉलेज रोड, जेल रोड, आधारवाड़ी सर्कल, काला तलाव रोड़ के अलावा कल्याण ईस्ट में हाजी मलंग रोड़, कल्याण शीलरोड आदि इलाकों में अवैध ढाबों की भरमार है, जहां देर रात तक खुलेआम शराब परोसा जाता है। अब सवाल यह उठता है कि महापालिका और पुलिस प्रशासन इस क्षेत्र में मौजूद अवैध ढाबों पर कार्रवाई कर पाएंगे या नहीं। कारण इनमें से अधिकांश ढाबे राजनीतिक दलों के रसूखदार लोग चला रहे हैं।

## कोंकण डिवीजन स्नातक चुनाव में 64.14% मतदान

**नवी मुंबई.** 26 जून को कोंकण डिवीजन ग्रेजुएट निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव के लिए, कोंकण डिवीजन के सभी पांच जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल मतदान 64.14 प्रतिशत हुआ. मतदाता सूची के अनुसार, कोंकण विभाग में 1 लाख 27 हजार 769 पुरुष मतदाता और 95 हजार 639 महिला मतदाता हैं, कुल 2 लाख 23 हजार 408 स्नातक मतदाता हैं। इनमें से 84 हजार 665 पुरुष, 58 हजार 632 महिला, कुल 1 लाख 43 हजार 297 स्नातक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है. मतदाता सूची के अनुसार, मुंबई स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 1 लाख 20 हजार 771 स्नातक मतदाता हैं, जिनमें 71 हजार 10 पुरुष मतदाता और 49 हजार 761 महिला मतदाता हैं। इनमें 41 हजार 44 पुरुष और 26 हजार 602 महिला, कुल 67 हजार 646 स्नातक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

मतदाता सूची के अनुसार, मुंबई शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 15 हजार 839 शिक्षक मतदाता हैं, जिनमें 3 हजार 953 पुरुष मतदाता और 11 हजार 886 महिला मतदाता हैं। इनमें से 3 हजार 130 पुरूष एवं 8 हजार 872 महिला कुल 12 हजार 02 शिक्षक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**मतदान प्रतिशत**

**कोंकण डिवीजन स्नातक निर्वाचन क्षेत्र 64.14%**

ठाणे- 58.42%,
पालघर- 63.23%,
रायगढ़- 67.59%,
रत्नागिरी- 69.14%,
सिंधुदुर्ग- 79.84%
**कुल- 64.14%**

**मुंबई स्नातक निर्वाचन क्षेत्र 56.01%**

मुंबई शहर-57.68%,
मुंबई उपनगर-55.44%
**कुल-56.01%**

**मुंबई शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र 75.77%**

मुंबई शहर- 80.12%,
मुंबई उपनगर-74.95%
**कुल-75.77%**

## उल्हासनगर महानगर पालिका में 'डमी' कर्मचारी!



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा में जो कर्मचारी कार्यरत हैं उनमें से कुछ कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर नहीं जा रहे हैं और उनके स्थान पर अन्य कर्मचारी काम पर आ रहे हैं और मूल कर्मचारी केवल उपस्थिति के लिए उपस्थित हैं। हाल ही में मनपा प्रशासन ने इस मामले में 3 लोगों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है.

उल्हासनगर मनपा के अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और उपायुक्त सुभाष जाधव ने हाल ही में सफाई कर्मचारियों के हाजिरी शेड का निरीक्षण किया. उन्होंने पाया कि कुछ कर्मचारी उस वक्त मौके पर मौजूद नहीं थे. इसके बाद मनपा प्रशासन ने कर्मचारी, सफाई निरीक्षक और मुकादम पद पर कार्यरत कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. महानगर पालिका प्रशासन ने आशंका जताई है कि महानगर पालिका के कुछ कर्मचारी काम पर उपस्थित न होकर अपने स्थान पर दूसरे लोगों को काम पर भेज रहे हैं। इसलिए मनपा प्रशासन ने ऐसे कर्मचारियों की तलाश शुरू कर दी है।

इसे लेकर पहले भी कई आरोप लग चुके हैं. महानगर पालिका में कुछ कर्मचारी अपने कार्य समय पर उपस्थित होते हैं और फिर निजी काम के लिए बाहर चले जाते हैं। ऐसे समय में काम बाधित न हो इसके लिए ये कर्मचारी कुछ प्राइवेट कर्मचारियों को दैनिक वेतन पर वहां भेज देते हैं. चूंकि कुछ कर्मचारियों के रिश्तेदार ट्रेड यूनियनों में सक्रिय हैं, इसलिए दबाव की रणनीति का उपयोग करके ऐसे मामलों को छुपाया जा रहा है।

### दोषपूर्ण प्रणाली?

मनपा में बायोमेट्रिक उपस्थिति रिकॉर्ड प्रणाली का उपयोग करके मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है। महानगर पालिका के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि वेतन के लिए अभी भी पुराने हाजिरी रजिस्टर रिकॉर्ड का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही, महानगर पालिका से अपेक्षा की जाती है कि वह कर्मचारी के चेहरे को 'ऐप ड्यूटी' नामक अपने सिस्टम में 'स्कैन' करे। उल्हासनगर मनपा के तत्कालीन आयुक्त डॉ. दयानिधि ने अपने समय में बायोमेट्रिक सिस्टम से ही वेतन देने का सर्कुलर जारी किया था. लेकिन कुछ दिन पहले कमिश्नर अजीज शेख ने फिर से नया सर्कुलर जारी किया है. इसलिए, पिछले परिपत्र को लागू नहीं किया गया है।

### फर्जी कर्मचारियों का इतिहास

फर्जी कर्मचारियों का इतिहास पहले भी सामने आया था कि उल्हासनगर मनपा में शहरी नियोजन विभाग में संबंधित वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कार्यालय में काम देखने के लिए कुछ निजी व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था। उस वक्त बड़ा हंगामा हुआ. यह भी पता चला कि संगठनों के दबाव के कारण जिस विभाग में पूरे दिन नियमित उपस्थिति की आवश्यकता होती है, उसे उस विभाग में स्थानांतरित किया जा रहा है, जहां उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है।

## रेलवे स्टेशनों से छत नदारद





■ ठाणे, डोंबिवली, कल्याण, अंबरनाथ, बदलापुर स्टेशनों पर गर्मी और बारिश से यात्री परेशान

**कल्याण.** मध्य रेलवे के ठाणे, डोंबिवली, कल्याण, अंबरनाथ, उल्हासनगर, बदलापुर, टिटवाला और वांगनी स्टेशनों पर यात्रियों के सिर से छत नदारद हो गए हैं। जिसके कारण यहां के यात्रियों को गर्मी और बारिश की दोहरी मार झेलते हुए उपनगरीय ट्रेनों का इंतजार करना पड़ता है.

ठाणे स्टेशन बहुत व्यस्त है. इस स्टेशन से प्रतिदिन पांच से छह लाख यात्री आवागमन करते हैं। इसमें ठाणे से आगे के क्षेत्र से आने वाले यात्रियों की संख्या अधिक है। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर इस समय यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हालाँकि इस प्लेटफार्म की चौड़ाई कुछ बढ़ा दी गई है, लेकिन विस्तारित क्षेत्र पर कोई छत नहीं है। रेलवे प्रशासन ने अस्थायी छत खड़ी कर दी है। इसके लिए बांस के सहारे तिरपाल लगाया गया है। हालांकि, बारिश का पानी प्लेटफॉर्म पर गिर रहा है और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है.



ठाणे स्टेशन के अलावा अन्य स्टेशनों का भी यही हाल है. डोंबिवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर पिछले दो साल से छत नहीं है। जबकि टिटवाला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर कुछ क्षेत्रों में छत नहीं है। इसके अलावा, दिवा-वसई मार्ग पर एलिवेटेड कोपर रेलवे स्टेशन के विस्तारित क्षेत्र में कोई छत नहीं है।

कल्याण स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच, छह और सात पर कुछ इलाकों में छत का कोई पता नहीं है. उल्हासनगर स्टेशन पर भी यही स्थिति है. अंबरनाथ स्टेशन के प्लेटफार्म 1 पर मुंबई की तरफ कोई छत नहीं है। बदलापुर रेलवे स्टेशन पर पैदल यात्री पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। टिकट घर क्षेत्र में नवनिर्मित फ्लैट संख्या 'एक-ए' पर बांस की छत बनायी गयी है. हालांकि प्लेटफार्म एक और दो पर छत नहीं है। वांगनी स्टेशन पर दो प्लेटफार्मों के बीच कोई छत नहीं है।

## हाजीमलंग इलाका बन रहा नशेड़ियों का अड्डा!

■ नशा करते युवाओं के फोटो वायरल



**कल्याण.** हाजीमलंग क्षेत्र विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले युवाओं का अड्डा बनता दिखाई पड़ रहा है. इस इलाके में नशा करने वाले युवाओं की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं. चूंकि स्थानीय पुलिस प्रशासन इस गंभीर घटना को नजरअंदाज कर रही है, इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुलिस प्रशासन सुस्त है.

वर्तमान में कल्याण के निकट हाजीमलंग क्षेत्र में नशेड़ियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में जगह-जगह युवा दिन-रात नशा करते नजर आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण बार-बार उल्हासनगर परिमंडल-4 के हिललाइन पुलिस स्टेशन, में शिकायत दर्ज करके हाजीमलंग क्षेत्र को नशेड़ियों के चंगुल से मुक्त कराने की मांग कर रहे हैं। लेकिन जिस तरह से पुलिस प्रशासन इस गंभीर घटना को नजरअंदाज कर रही है, उससे इस इलाके में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं. ऐसे में सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर पुलिस व्यवस्था नशेड़ी युवाओं को पुलिस की वर्दी का रौब कब दिखाएगी और गांजा बेचने वालों पर कब कार्रवाई करेगी. पिछले कुछ दिनों से पुणे शहर में अपराधियों की घटनाओं पर नजर डालें तो अपराधी नशे के आदी हैं जो तरह-तरह के नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं और उन्हें गांजा और हशीश जैसे नशीले पदार्थ कहां से मिलते हैं, यह सवाल इस घटना से उठ रहा है.

### जकात नाका इलाके में सबसे ज्यादा नशेड़ी

हाजीमलंग के जकात नाका इलाके में नशेड़ियों की संख्या सबसे ज्यादा है। कुछ दिन पहले नशेड़ियों का एक महिला से विवाद भी हुआ था। लेकिन इसके बाद भी यह बात सामने आई है कि पुलिस की ओर से नशेड़ियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है. इसलिए यह देखना अहम होगा कि हिल लाइन पुलिस की नजर इन नशेड़ियों पर कब पड़ती है. वर्ल्ड ड्रग डे के दिन सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें इस समय खूब चर्चा में हैं। पुलिस मारिजुआना बेचने वालों को कब ढूंढेगी? ऐसा सवाल उठाया गया है.

## कल्याण पूर्व में कांग्रेसी सचिन पोटे का लगा 'भावी आमदार' का बैनर

**कल्याण.** कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने अपना मोर्चा बनाना शुरू कर दिया है. महाविकास आघाड़ी में यह सीट कांग्रेस को मिले इसके लिए कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारियों की ओर से हलचल शुरू हो गई है. कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में महाविकास आघाड़ी से शिवसेना ठाकरे समूह दावेदारी करने जा रहा है। वहीं, इस सीट को लेकर महाविकास आघाड़ी में बिगाड़ी की आशंका है क्योंकि कांग्रेस ने भी इस पर दावा किया है. उसके बाद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सचिन पोटे के जन्मदिन के अवसर पर, कल्याण पूर्व में 'भावी विधायक' लिखा एक बैनर लगाया गया, जिससे राजनीतिक हलके में भौंहें चढ़ गईं। कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र अहम मुद्दा बन गया है. शिवसेना और बीजेपी के अंदरूनी विवाद से महाविकास अघाड़ी को फायदा होने की संभावना है. इसे देखते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष सचिन पोटे ने कल्याण पूर्व विधानसभा की तैयारी शुरू कर दी है. सचिन पोटे के जन्मदिन पर कल्याण पूर्व में एक बैनर लगाया गया है, जिसमें उन्हें शुभकामनाएं दी गई हैं और इस बैनर पर सचिन पोटे को भावी विधायक बताया गया है. इससे राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस ने कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में दावा ठोंक दिया है. दूसरी ओर, ठाकरे समूह ने कल्याण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र पर भी दावा किया है।

## कल्याण पश्चिम में बारिश के चलते पेड़ गिरा, 3-4 निजी वाहन क्षतिग्रस्त




**कल्याण.** सार्वजनिक बांधकाम विभाग कल्याण के सरकारी विश्राम गृह, मुरबाड रोड, कल्याण पश्चिम में गुरुवार को बारिश के कारण खतरनाक पेड़ गिर गया. गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन 3 से 4 चार निजी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए.

बारिश से पहले इस पुराने पेड़ को काटने का काम महानगर पालिका के संबंधित विभाग द्वारा किया जाना था, लेकिन महानगर पालिका के संबंधित अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया, और आखिरकार जिसकी आशंका थी वही हुआ और धोखायदायक पेड़ हवा और बारिश के कारण गिर गया, एनसीपी के पूर्व प्रदेश सचिव नॉवेल साल्वे के साथ ही स्थानीय लोगों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है.

## अंबरनाथ में पानी के लिए होगा आंदोलन

■ अरविंद वालेकर ने मजीप्रा अधिकारी को चेताया

■ शहरवासी पानी और बिजली विभाग से परेशान

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में इस बरसात में पानी एवं बिजली की गंभीर समस्या शुरू है. शहरवासी बहुत ही रोष में हैं कि लाइट और पानी का बिल पूरी तरह भरने के बाद भी उन्हें मूलभूत सुविधाएं ठीक ढंग से नहीं मिल रही है. गत कई महिनों से शहरवासी बूंद-बूंद पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, तो अब एक नई मुसीबत उनके सर पर आ गई है. रोजाना सुबह से शाम तक कम से कम पांच बार बिजली को महावितरण बिना मतलब के बंद कर रहा है. शहर पूर्व के निवासियों एवं डॉक्टरों ने पिछले दिनों अधीक्षक अभियंता का शहर में घेराव करके लाइट बार-बार जाने के बारे में जवाब तलब किया था. गुरुवार को अंबरनाथ शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने पानी की परेशानी को लेकर मजीप्रा के कार्यकारी अभियंता देशपांडे से भेंट करके उनसे पूछा कि शहर में पानी की समस्या क्यों बढ़ती जा रही है. ये समस्या क्यों हल नहीं की जा रही है? उन्होंने शहरवासियों की पानी की गंभीर समस्या पर चर्चा करते हुए उन्हें बताया कि अगर चार दिनों के भीतर लोगों को नियमित पानी नहीं मिला तो वह और शिवसेना के पदाधिकारी, कार्यकर्ता छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर धरने पर बैठ जाएंगे. महावितरण एवं मजीप्रा के अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर में लोग पानी और बिजली की परेशानी से जूझ रहे हैं. इन दोनों समस्याओं का जल्द होना जरूरी है. वरना शहरवासी आगबबूला हो गए तो दोनों विभाग के अधिकारियों को कुर्सी पर चैन से बैठने नहीं देंगे.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## बच्चों में मोबाइल की लत

आज के दौर में आधुनिकता का एक पैमाना यह भी प्रचारित किया गया है कि कोई व्यक्ति नई तकनीकी का कितना इस्तेमाल करता है। इस धारणा की जद में वे तमाम लोग हैं, जो जरूरत होने पर या फिर गैरजरूरी तरीके से तकनीक पर निर्भर हो चुके हैं। विडंबना यह है कि इस धारणा का आकर्षण बच्चों को भी अपने दायरे में ले चुका है और उनके कोमल मन-मस्तिष्क को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। अरुणाचल प्रदेश के एक स्कूल में जब एक पंद्रह वर्षीय किशोर को मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने की वजह से स्कूल छोड़ने को कहा गया, तो उसके बाद किशोर के आत्महत्या कर लेने की खबर आई। सवाल उठता है कि आए दिन स्मार्टफोन की लत की वजह से बच्चों के भीतर अप्रत्याशित प्रतिक्रिया होने की खबरें आने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने संवेदनशील तरीके से इस मसले का हल निकालना जरूरी क्यों नहीं समझा? स्कूल में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित होने के बाद भी अगर वह किशोर ऐसा कर रहा था तो यह उसकी मानसिक परिस्थितियों या लत का नतीजा हो सकता है। इस स्थिति में उसे हिदायत देने के क्रम में मनोवैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए था। सच यह है कि आज बच्चों और किशोरों के भीतर अगर स्मार्टफोन देखने को लेकर अतिरेक की हद तक व्यस्तता देखी जा रही है तो इसका कारण मनोविज्ञान ही है। सिमटे परिवार और कामकाजी व्यस्तता के दौर में बच्चों के साथ घुलने-मिलने और खेलने के लिए अभिभावकों के पास समय नहीं है और बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन देकर अभिभावक सोचते हैं कि उनका बच्चा आधुनिक और अद्यतन हो रहा है। मगर उसे जरूरत या फिर गैरजरूरी होने पर भी लगातार देखते रहने पर बच्चे का कोमल मन-मस्तिष्क एक तरह के सम्मोहन का शिकार हो जाता है और उसी से उसकी मानसिक परिस्थितियां संचालित होने लगती हैं। वह मोबाइल के स्क्रीन के प्रभाव में इस हद तक आ जाता है कि उसे छोड़ने पर उसका विवेक काम करना बंद कर सकता है और ऐसी स्थिति में कई बार वह खुद को नुकसान पहुंचा लेता है। इसलिए अगर कोई बच्चा इस परेशानी का शिकार हो तो उसके प्रति सख्ती के बजाय संवेदनशील और मनोवैज्ञानिक तौर-तरीकों का सहारा लेना चाहिए।

# प्रतिबद्धता : खाद्य महंगाई कम करना चुनौती

मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में कृषि परिदृश्य को संवारने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। 18 जून को किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त भेजी, तो 19 जून को खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाया है। हालांकि नई सरकार के सामने कृषि, ग्रामीण विकास, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, घटी हुई कृषि विकास दर, गेहूं भंडारण में कमी, खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने और खाद्य उत्पादों की बर्बादी रोकने और किसानों के असंतोष की चुनौतियां दिखाई दे रही हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रही, वहीं कृषि विकास दर महज 1.4 फीसदी ही रही है। वर्ष 2023-24 में 3,280 लाख टन उत्पादित खाद्यान्न इसके पूर्ववर्ती वर्ष के रिकॉर्ड 3,290 लाख टन से कम है। एक साल में गेहूं की कीमतें 8-10 फीसदी बढ़ी हैं। अप्रैल 2024 में देश के गोदामों में गेहूं का भंडार घटकर 75 लाख टन रह गया है, जो पिछले 16 साल में भंडारण का सबसे निचला स्तर है। सरकार 1 जून, 2024 तक करीब 266 लाख टन गेहूं खरीद चुकी है, लेकिन लक्ष्य 372 लाख टन है। ऐसे में गेहूं आयात की स्थिति निर्मित हो रही है।

खाद्य वस्तुओं की ऊंची दर आम आदमी की बड़ी चिंता बन गई है। यद्यपि मई 2024 में खुदरा महंगाई दर 4.75 प्रतिशत के साथ पिछले 12 माह के निचले स्तर पर पहुंच गई है, लेकिन खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 8.69 प्रतिशत की ऊंचाई पर स्थित है। निस्संदेह कृषि एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न



चिंताओं के मद्देनजर ही प्रधानमंत्री मोदी ने पदभार संभालने के बाद अपना सबसे पहला कदम किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र की प्रतिबद्धता की डगर पर आगे बढ़ाया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि इस वर्ष मानसून अच्छा रहेगा। यह नई सरकार के लिए अच्छा संकेत है। प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के अच्छे रहने से कृषि गतिविधियों में तेजी आएगी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अनुसंधान विभाग के मुताबिक, अच्छे मानसून से दाल, तिलहन, अनाज का उत्पादन बढ़ेगा और इनकी कीमतें कम होंगी।

महंगाई के प्रबंधन के लिहाज से खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य उपजों की बर्बादी रोकने से महंगाई पर अंकुश लगेगा। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के खाद्य फसलों की बर्बादी संबंधी आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल करीब 15 फीसदी खाद्य उत्पादन नष्ट हो जाता है। इतनी ही बर्बादी फल और सब्जियों की होती है। कृषि भंडारण के बुनियादी ढांचे में सुधार से कृषि उपज बर्बादी को कम करने में मदद मिल सकती है। देश की अधिक शीत भंडार गृह और प्रशीतन सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ना होगा। भारत में करीब 30 फीसदी सड़कें कच्ची हैं, जिससे कृषि पैदावार को मंडियों तक ले जाने में काफी समय लगता है। इससे कुछ पैदावार खराब हो जाती है, जिसका असर कीमतों पर पड़ता है। इसलिए फसल बर्बादी रोकने पर जोर देना चाहिए। देश में खाद्यान्न भंडारण की क्षमता फिलहाल 1,450 लाख टन की है, उसे अगले पांच वर्षों में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2,150 लाख टन किए जाने के लक्ष्य को प्राप्त करके ग्रामीण भारत में अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि क्षेत्र का अनुभव रखने वाले शिवराज सिंह चौहान को कृषि एवं किसान कल्याण के साथ ग्रामीण विकास मंत्रालय का जिम्मा सौंपा है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि देश में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर खाद्य पदार्थों की बर्बादी को कम करने, कृषि में मशीनीकरण को बढ़ाए जाने, जलवायु अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणाली अपनाने, अधिक ग्रामीण कच्ची सड़कों को मंडियों से जोड़ने, कृषि भंडारण के बुनियादी ढांचे में क्षमता सुधार जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं के साथ-साथ आपूर्ति शृंखला में सुधार से खाद्य फसलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव को रोकने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ा जाएगा। किसानों के असंतोष का निराकरण करने और उनकी आमदनी बढ़ाने की रणनीति पर भी नई सरकार से काम करने की उम्मीद है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

ध्यानाभ्यास के द्वारा, हम प्रभु रूपी महासागर को अपनी आत्मा रूपी बूंद में महसूस कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# कनाडा में आतंक का महिमामंडन

वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की बात और अपने देश में प्रकारांतर से आतंकवाद का समर्थन और महिमामंडन मानो कनाडा की फितरत होती जा रही है। पिछले कुछ समय से यह लगातार देखा जा रहा है कि एक ओर कनाडा भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग का संबंध मजबूत करने की दुहाई देता है और दूसरी ओर वह भारत के खिलाफ आतंकी तत्त्वों को संरक्षण देता है, उनके लिए सहानुभूति का सार्वजनिक प्रदर्शन करता है। हालांकि कनाडा के इस चेहरे को समझना अब मुश्किल नहीं रह गया है और एक तरह से यह भारत के लिए सजग रहने का वक्त है। यही वजह है कि आतंकवादियों के प्रश्रय देने के कनाडा के रुख के मद्देनजर अब भारत ने भी स्पष्ट प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है। वर्ष 1985 के कनिष्क बम विस्फोट की उनतालीसवीं बरसी पर कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाली गतिविधियों को निंदनीय करार देते हुए भारत ने साफ शब्दों में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी कार्रवाइयों को वहां इजाजत दी जाती है, जबकि शांतिप्रिय देशों और लोगों की ओर से आतंकवादी गतिविधियों की निंदा की जानी चाहिए।

गौरतलब है कि कनिष्क बम विस्फोट की घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार तीन सौ उनतीस लोगों की जान चली गई थी। मरने वालों में ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। माना जाता है कि उस समय के खालिस्तान समर्थक आतंकवादी तत्त्व कनिष्क बम विस्फोट की घटना के लिए जिम्मेदार थे। इसके बावजूद कनाडा पर खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण देने के आरोप लगते रहे हैं। आमतौर पर कनाडा इन आरोपों से इनकार करता रहा है,



मगर वह इस सवाल का जवाब नहीं दे पाता कि अगर वह आतंकवाद में विश्वास रखने वालों को प्रश्रय नहीं देता है तो वहां की संसद तक में किसी खालिस्तानी तत्त्व की याद में गतिविधियां क्यों आयोजित होती हैं। हाल ही में खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडा की संसद में 'एक मिनट का मौन' रखा गया था, जिसकी भारत ने तीखी आलोचना की थी।

विचित्र यह है कि कनाडा की ओर से भारत के साथ कई मुद्दों पर साथ होने और आर्थिक-राष्ट्रीय सुरक्षा पर चर्चा करने की दुहाई दी जाती है और साथ ही वहां की संसद में खालिस्तान समर्थकों की हिमायत में 'एक मिनट का मौन' रखा जाता है। सवाल है कि दूसरे देशों में लोकतंत्र की लड़ाई का पक्ष लेने के दावे के समांतर कनाडा किस तर्क पर अपने देश में अलगाववादी तत्त्वों को संरक्षण देता है, उनके प्रति सहानुभूति का रुख रखता है। क्या वह इस तथ्य से अनजान है कि इस मसले पर भारत के सामने कैसी चुनौतियां खड़ी हैं? क्या यह परोक्ष रूप से भारत जैसे देश की संप्रभुता में दखल नहीं है?

यह रवैया रखते हुए कनाडा भारत के साथ किस तरह के सहयोग की अपेक्षा करता है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि आतंकवाद किसी तरह की सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल का खयाल नहीं करता और यह एक ऐसी चुनौती है, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिल कर निपटने की जरूरत है। विश्व में ऐसे भी उदाहरण रहे हैं कि अगर किसी देश ने अपने सीमा-क्षेत्र में आतंकवाद को पलने-बढ़ने का मौका दिया, उसे प्रश्रय दिया, तो बाद में खुद उसे ही आतंकवाद का पीड़ित और भुक्तभोगी होना पड़ा। कनाडा आतंक का महिमामंडन करके न केवल भारत के सामने जटिल हालात पैदा करने की कोशिश करता है, बल्कि वह अपने भविष्य के लिए भी मुश्किलों की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है।

# ये हैं दुनिया की सबसे बुजुर्ग 6 बहनें

अमेरिका में रहने वाली 6 बहनों की ये तमन्ना पूरी हो गई. ये 6 बहनें दुनिया की सबसे बुजुर्ग बहनें हैं और अगर

**जरा हट के**

इन सभी की उम्र को मिला दिया जाए, तो वो 5 सदियों से भी ज्यादा हो जाता है. इन्होंने जीवन में बहुत बड़ी घटनाएं देखी हैं और उन्हें झेला भी है, जिसमें दूसरा विश्व युद्ध और कोविड महामारी भी शामिल है.



गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने हाल ही में अमेरिका की 6 बहनों को खिताब से नवाजा है. इन बहनों ने मिलकर अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है. ये 6 बहनें अमेरिका के मिसूरी की रहने वाली हैं. इन 6 जीवित बहनों की संयुक्त उम्र दुनिया में सबसे अधिक है और यही इनका वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है. इन बहनों की उम्र 88 साल से लेकर 101 साल तक है. इनकी कुल उम्र 571 साल और 293 दिन है. सबसे बड़ी बहन नॉर्मा ओहियो में रहती है, जबकि बाकी 5 बहनें, लॉरेन, मैक्सिन, डॉरिस, मार्गरेट और एलमा अभी भी मिसूरी में रहती हैं. पिछले 9 दशकों में इन बहनों ने ग्रेट डिप्रेशन देखा, दूसरा विश्व युद्ध देखा और कोविड महामारी को भी झेला है. बहनों में से एक एलमा ने कहा कि छोटे-मोटे झगड़ों को छोड़ दिया जाए, तो इन बहनों के बीच कभी भी मनमुटाव नहीं रहा. ये अपनी जिंदगीभर एक दूसरे के काफी नजदीक रही हैं. इन्होंने अक्सर साथ में यात्राएं की हैं, जिसमें ऐसी शर्ट्स पहनी हैं, जिसमें अंक लिखे रहते थे जो उनकी उम्र का संकेत करते थे.

जब वो छोटी थीं, तो उनकी मां जुलाई में उन्हें पिकनिक पर ले जाती थीं क्योंकि उनमें से 3 बहनों का जन्म जुलाई में होता है. आज भी बहनों ने इस ट्रेडिशन को कायम रखा है और वो गर्मियों में मिलती हैं. इन 6 बहनों का सिर्फ 1 भाई है, जिनका नाम स्टैंली है. स्टैंली सबसे बड़े थे और अगर वो इस साल जीवित होते तो वो 102 साल के होते मगर जब वो 81 साल के थे, तब साइकिल चलाते वक्त उनका एक्सिडेंट हो गया, जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई.

खाना-खजाना

# मशरूम नूडल्स

**सामग्री :**

- 200 ग्राम नूडल्स
- 300-400 ग्राम मशरूम
- 1/2 बड़ा चम्मच कटा हुआ लहसुन
- 1/2 चम्मच कटा हुआ अदरक
- 1 छोटा चम्मच कटी हुई हरी मिर्च
- 1/2 छोटा चम्मच काली मिर्च या सफेद मिर्च
- 1/2 कप कटा हरा प्याज
- 1 से 2 चम्मच अजवाइन
- 2 से 2.5 बड़े चम्मच तेल
- 1 बड़ा चम्मच सोया सॉस
- 1 चम्मच चावल का सिरका या रेगुलर सिरका
- गार्निश के लिए हरे प्याज के पत्ते
- नमक आवश्यकतानुसार

**विधि :**

नूडल्स को उबालने से शुरुआत करें और उन्हें एक तरफ रख दें. एक कड़ाही या पैन में तेल गर्म करें. धीमी से मध्यम आंच पर सबसे पहले कटा हुआ लहसुन, कटा हुआ अदरक और कटी हुई



हरी मिर्च डालें. तीखे स्वाद वाले नूडल्स के लिए आप हरी मिर्च की मात्रा बढ़ा सकते हैं. कुछ सेकंड तक भूनें, फिर कटा हुआ हरा प्याज डालें. सफेद और हरा दोनों भाग मिला लें. गार्निश के लिए 2 बड़े चम्मच हरी सब्जियाँ सुरक्षित रखें. हरे प्याज़ को ट्रांसपैरेंट होने तक हिलाते और भूनते रहें. फिर कटे हुए मशरूम डालें. मशरूम को अच्छी तरह से हिलाएं और मध्यम से तेज आंच पर बीच-बीच में हिलाते हुए भूनें. पकाते समय मशरूम पानी छोड़ देंगे. जब तक मशरूम का सारा पानी सूख न जाए और किनारों से हल्का सुनहरा न हो जाए तब तक भूनते रहें. फिर इसमें पिसी हुई काली मिर्च डालें. सोया सॉस डालें और अच्छी तरह मिलाएँ. नूडल्स डालें. आवश्यकतानुसार नमक डालें. नूडल्स को अच्छे से हिलाएं और टॉस करें. चावल का सिरका या नियमित सफेद सिरका मिलाएं. हिलाओ और मिलाओ. आंच बंद कर दें और अंत में कटे हरे प्याज के पत्ते डालें. अंतिम बार हिलाएं और मशरूम नूडल्स को सादे या सूखी वेज मंचूरियन या वेज मंचूरियन ग्रेवी या वेज बॉल्स के साथ गर्म लहसुन की चटनी में परोसें.

# स्लिप डिस्क की समस्या से हैं परेशान!

कमर और पीठ में दर्द सामान्य है लेकिन कई बार दर्द असहनीय हो जाता है। घंटों गलत पोस्चर में बैठने, गलत लाइफस्टाइल और खानपान के कारण स्लिप डिस्क की शिकायत हो जाती है। स्लिप डिस्क रीढ़ की हड्डी में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी स्थिति है, जो सामान्यतः हड्डियों में खराबी और चोट लगने से हो सकती है।

आजकल युवाओं में स्लिप डिस्क की शिकायत बढ़ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में लगभग 80 फीसदी युवा स्लिप डिस्क की समस्या से परेशान हैं। स्लिप डिस्क की शिकायत होने पर आखिरी इलाज ऑपरेशन को माना जाता है। हालांकि समय रहते इस समस्या की पहचान कर सही इलाज लिया जा सकता है। इसके लिए योग भी एक असरदार इलाज प्रक्रिया है। स्लिप डिस्क के कारण होने वाले असहनीय दर्द को कम करने के लिए कुछ योगासनों का अभ्यास फायदेमंद हो सकता है। इस लेख में कमर दर्द या स्लिप डिस्क के कारण होने वाले दर्द को कम करने के लिए कुछ योगासनों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

**इन चार योगासनों से मिलेगी राहत**



### शवासन

इस आसन को किसी भी योग के अभ्यास के बाद सबसे आखिर में किया जाता है। यह एक कठिन आसन है, जिसे अभ्यास के साथ ठीक तरीके से किया जा सकता है। शवासन के अभ्यास से शरीर और आंतरिक ऊर्जा बेहतर बनती है। स्लिप डिस्क की वजह से होने वाले दर्द को कम करने के लिए शवासन का अभ्यास कर सकते हैं।



### भुजंगासन

भुजंगासन से रीढ़ की ऊपरी हड्डियों पर दबाव पड़ता है। इस योगासन में शरीर का आकार फन उठाए सांप जैसा होता है। कमर दर्द से राहत और शरीर को लचीला बनाने के लिए भुजंगासन का अभ्यास कर सकते हैं।

### उष्ट्रासन

रीढ़ की हड्डी की समस्याओं को दूर करने के लिए उष्ट्रासन का अभ्यास असरदार है। इस आसन में शरीर ऊंट की



मुद्रा में होता है। आसन को करने के लिए शरीर को पीछे की तरफ झुकाया जाता है। दबाव के कारण रीढ़ की हड्डी की समस्याएं दूर होती हैं।

### शलभासन



शलभासन के अभ्यास से स्लिप डिस्क और कमर दर्द से राहत मिलती है। इस आसन को करने के लिए पेट के बल जमीन पर लेटकर रीढ़ की हड्डी को मोड़ा जाता है। आसन को सही तरीके से करने से कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे।

**वृषभ :** दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे. व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

**कर्क :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आलस्य हावी रहेगा। प्रमाद न करें।

**सिंह :** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी। कष्ट संभव है।

**कन्या :** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं।

**तुला :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी। तनाव बने रहेंगे।

**वृश्चिक :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें।

**धनु :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मकर :** यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। हंसी-मजाक में हल्कापन न हो, ध्यान रखें। कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें।

**कुंभ :** धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

**मीन :** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। चिंता दूर होगी।

नौकरी में रुतबा बढ़ेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# लीची खरीदते समय जरूरी है क्वालिटी चेक करना

लीची में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट, कॉपर और पोटेशियम की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है. गर्मियों के मौसम में लीची खाने का मजा ही कुछ और है. लेकिन, अगर आपकी खरीदी हुई लीची खराब निकल आए तो न केवल आपके पैसे बर्बाद होंगे. बल्कि आपका सारा मजा भी किरकिरा हो सकता है. ऐसे में एक किसान राजेंद्र सिंह मेहरा से जानते हैं कि अच्छी लीची में क्या-क्या देखना चाहिए.

बाजार में मिलने वाली किसी भी चीज को खरीदने से पहले उसकी क्वालिटी चेक करना बेहद जरूरी है. अगर आप खराब लीची का सेवन करते हैं, तो आपकी तबीयत बिगड़ने की संभावना भी काफी हद तक बढ़ सकती है. किसान राजेंद्र सिंह मेहरा ने बताया कि लीची खरीदते समय इन चीजों का ध्यान रखा जाना चाहिए.



### लीची खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

1- लीची दबाते समय ज्यादा धंसने का मतलब है कि लीची ज्यादा पकी हुई है यानी लीची फ्रेश नहीं है.

2- लीची को सूंघ कर भी लीची की क्वालिटी को चेक कर सकते हैं. फ्रेश और मीठी लीची में से खुशबू आती है. वहीं, पुरानी और खराब लीची में से अजीब सी महक आती है.

3- लीची खरीदते समय उसके रंग का भी ध्यान रखें. लीची के छिलके का रंग लाल होना चाहिए. अगर लीची के छिलके का रंग हरा है, तो इसका मतलब ये है कि उस लीची में टॉक्सिन्स की ज्यादा मात्रा हो सकती है. हरे रंग की लीची को नहीं खरीदना चाहिए.

4- अगर लीची फ्रेश और मीठी है, तो लीची का एक पीस लगभग एक इंच डायमीटर से बड़ा होगा. इस साइज की लीची का टेस्ट वाकई में लाजवाब होता है.

# घर पर ही आसानी से हटाएं चेहरे के अनचाहे बाल

- ये 5 तरीके आएंगे बहुत काम
- फॉलो करें टिप्स

चेहर पर बालों की समस्या लगभग हर महिलाओं को होती है. अधिकतर महिलाएं वैक्सिंग और थ्रेडिंग के जरिए इसे क्लीन करवाती हैं. ऐसा करवाने से स्किन जल्दी ढिली पड़ने लगती है. इस जगह आप नैचुरल तरीके को अपनाकर अपने फेशियल हेयर को जड़ से रिमूव कर सकते हैं, लेकिन आपको इसका रिजल्ट तुरंत नहीं मिलेगा. आइए जानते हैं वो 5 तरीके जिससे आप अनचाहे बालों को रिमूव कर सकते हैं...



### चीनी और नींबू का करें यूज

एक कटोरी में 1 चम्मच चीनी लें इसमें 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें और 5-10 मिनट के बाद ठंडे पानी से धो लें. नींबू में विटामिन-C होता है. यह आपके स्किन ब्राइटनिंग के लिए बेहतर है.

### हल्दी और दूध का भी कर सकते हैं यूज

1 चम्मच दूध में 1 चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं. पेस्ट को अच्छी तरह से मिला लें और अपने चेहरे पर 20 मिनट तक के लिए लगाएं और धो लें. हल्दी टैनिंग हटाने के लिए बेस्ट है.

### खीरा और हल्दी

एक खीरे को कद्दूकस कर लें और उसमें 1 चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं. पेस्ट को अपने चेहरे पर 15 मिनट तक के लिए लगाएं, इसके बाद साफ पानी से धो लें. यह पेस्ट आपकी टैनिंग को भी हटाने में मदद करेगा.

### बेसन और दही

1 चम्मच बेसन में 1 चम्मच दही मिलाएं. पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट के लिए छोड़ दें. इसे धीरे-धीरे रगड़कर छुटाएं. इससे आपके स्किन पर मौजूद छोटे-छोटे बाल भी निकल जाएंगे. ऐसा 1 दिन में नहीं होगा आपको हफ्ते में 2 से 3 बार ऐसा करना होगा.

### हरे बेसन और गुलाब जल

1 चम्मच हरे बेसन में 1 चम्मच गुलाब जल मिलाएं. पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और धोने से पहले 10 मिनट के लिए छोड़ दें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

